# केन्द्रीय विद्यालय संगठन : मुम्बई संभाग
## अर्ध वार्षिक परीक्षा : 2025-26
## कक्षा : छठवीं
## विषय : हिंदी - (002)

**अवधि - 2 : 30 मि.** **पूर्णांक : 60**

**•इस प्रश्न-पत्र में कुल 11 प्रश्न है। सभी प्रश्न अनिवार्य है।**
**•इस प्रश्न पत्र में कुछ चार खण्ड हैं-क,ख,ग,घ।**
**•खंड - क में कुल 2 प्रश्न है,जिनमें उप-प्रश्नों की संख्या 10 है।**
**•खंड - ख में कुल 1 प्रश्न है,जिनमें उप-प्रश्नों की संख्या 5 है।**
**•खंड - ग में कुल 5 प्रश्न है,जिनमें उप-प्रश्नों की संख्या 15 है।**
**•खंड - घ में कुल 3 प्रश्न है,सभी प्रश्नों के साथ विकल्प भी दिए गए हैं।**
**•प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।**

**प्रश्न** **खण्ड - क -(अपठित बोध)** **अंक**

1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 7 x 1=7

खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ये न केवल शरीर को स्वस्थ और बलवान बनाते हैं, बल्कि मानसिक विकास में भी में भी सहायक होते हैं खेलों से टीम भावना, अनुशासन और धैर्य जैसे गुण विकसित होते हैं। पढ़ाई जितनी आवश्यक है,उतने ही खेल भी आवश्यक है। यदि विद्यार्थी खेलों से दूर रहते हैं, तो वे शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार से दुर्बल हो सकते हैं।

(I) खेलों से मनुष्य में कौन-सा गुण विकसित नहींहोता? 1

क)धैर्य ख) अनुशासन ग) आलस्य घ) टीमभावना

(II) यदि विद्यार्थी खेलों से दूर रहते हैं, तो क्या परिणाम होगा? 1

क) वह अधिक अनुशासित होंगे ख) वे दुर्बल हो सकते हैं

ग) वे सफल हो जाएंगे घ) उन्हें पढ़ाई की आवश्यकता नहीं होगी

(III) कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए। 1

कथन :- खेल मानसिक विकास में सहायक होते हैं।

कारण:- क्योंकि खेलों सेटीम भावना और धैर्य उत्पन्न होता है।

क) दोनों सत्य है तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

ख) दोनों सत्य है,पर कारण सही व्याख्या नहीं करता है।

ग) कथन सत्य है, कारणअसत्य है

घ) दोनों असत्य है।

(IV) खेल और पढ़ाई के बीच क्या संबंध है? 2

(V) खेलों से विद्यार्थियों को क्या लाभ होता है? 2

2 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए। 7 x 1=7

“नन्ही सी कली जब खिल जाती,
बाग में खुशबू फैल जाती।
माली के श्रम से होती है सींचन,
हरियाली से सजता है उपवन।

(I) कविता में किसकेखिलने की बात की गई है? 1

क) गुलाब ख) नन्ही-सी कली ग) आम घ) सूरजमुखी

(II) बाग में खुशबू कब फैलती है? 1

क) जब कली खिलती है ख) जब माली सोता है

ग) जब वर्षा होती है घ) जब पंछी गाते हैं

(III) कथन **(A)** और कारण **(R)** को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए। 1

कथन **(A):**बाग में खुशबू माली के श्रम से आती है।

कारण **(R):** माली पौधों को सींचता है, जिससे फूल खिलते हैं।

क) कथन **A** और कारण **R** दोनों सही है और कारण **R,**कथन **A** की सही व्याख्या है।

ख) कथन **A** और कारण **R** दोनों सही है,लेकिनकारण **R** ,कथन **A** कीव्याख्या नहीं है

ग) कथन **A** सही है, कारण **R** गलत है।

घ) कथन **A** गलत है कारण **R** सही है।

(IV) नन्ही-सी कली खिलने पर क्या होता है? 2

(V) उपवन सुंदर क्यों लगता है? 2

**खण्ड - ख - (व्यावहारिक व्याकरण)**

3 निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2×5=10

(I) ‘पेड़’ और ‘नदी’ शब्द के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। 2

(II) नीचे दिए गए मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए। 2

**1)** आंखें खुलना

**2)** दिन-रात एक करना

(III) दिए गए (?) और (**!**) विराम चिन्हों के सामने उनका नाम लिखिए। 2

(IV) नीचे दिए गए शब्दों को योजक चिन्हों की सहायता से लिखिए। 2

1) छोटा या बड़ा 2) माता और पिता

(V) विशेषण की परिभाषा लिखते हुए उसके भेद लिखिए। 2

**खण्ड -(ग) - पाठ्य-पुस्तक पर आधारित**

4 निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वकपढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए। 1 x 5 = 5

मां को अपने बेटे और किसान को अपने लहलहाते खेत देखकर जो आनंद आता है, वही आनंद बाबा भारती को अपना घोड़ा देखकर आता था। भगवत भजन से जो समय बचता वह घोड़े को अर्पण हो जाता। वह घोड़ा बड़ा सुंदर था बड़ा बलवान। उसके जोड़ का घोड़ा सारे इलाके में न था। बाबा भारती उसे सुलतान कहकर पुकारते,अपने हाथ से खरहरा करते, खुद दाना खिलाते और देख-देखकर प्रसन्न होते थे। उन्होंने रुपया,माल जमीन अपना सब कुछ छोड़ दिया यहां तक कि उन्हें नगर के जीवन से भी घृणा थी।

(I) घोड़ा देखकर किसको बड़ा आनंद आता था? 1

क) बाबा भारती को ख) मां को ग) किसान को घ) भगवान को

(II) बाबा भारती सुलतान कहकर किसे पुकारते थे? 1

क) भेड़ को ख) शेर को ग) घोड़े को घ) बाघ को

(III) बाबा भारती का घोड़ा कैसा था? 1

क) कमजोर और बूढ़ा ख) सुंदर और बलवान ग) साधारण घ) बीमार

(IV) इलाके में बाबा भारती के घोड़े का क्या स्थान था? 1

क) साधारण घोड़े जैसा ख) सबसे कमजोर

ग) सबसे पुराना घ) उसके जोड़ का कोई घोड़ा न था

(V) कथन **(A)** और कारण **(R)**को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए। 1

कथन **(A) :** सुलतान के समान घोड़ा सारे इलाके में और भी थे।

कारण **(R) :** सुलतान सामान्य घोड़ा था।

क) कथन**(A)** और कारण **(R)** दोनों सही है।

ख) कथन **(A)** औरकारण **(R)** गलत है।

ग) कथन **(A)** सही है**,**कारण **(R)** गलतहै

घ) कथन **(A)** गलत है और कारण **(R)** सही है

5 निम्नलिखित गद्य भाग पर आधारित किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2×2=4

(I) रामप्रसाद बिस्मिल मेंजो कुछ जीवन तथा साहस आया वह किसकी कृपा का फल 2

था?

(II) 'बिहू एक कृषि आधारित त्यौहार है।' कैसे? सोच विचार कर लिखिए। 2

(III) मेजर ध्यानचंद को'हॉकी का जादूगर' की उपाधि क्यों मिली?

6 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए। 1 x 5 = 5

आसमान में उड़ता सागर
लगा बिजलियों के स्वर्णिम पर
बजा नगाड़ेजगारहे है,
बादल धरती की तरुणाई
पहली बूंद धरा पर आई।

(I) उपर्युक्त पंक्तियों के रचयिता कौन है? 1

क) गोपालकृष्ण कौल ख) केदारनाथ अग्रवाल

ग) महादेवी वर्मा घ) दिनकर

(II) सागर किसके सुनहरे पंख लगाकर आसमान में उड़ रहा है? 1

क) मोर के ख)बि जलियों के ग) बादलों की घ) धरती

(III) बादल नगाड़े बजाकर किसकी तरुणाई को जगा रहे है? 1

क) सागर की ख) बिजली की ग) धरती की घ) सूर्य की

(IV) जल रूपी बादलों में क्या चमक रही है? 1

क) तारे ख) सूर्य ग) जुगनू घ) बिजली

(V) काव्यांश में सुनहरी का पर्यायवाची शब्द क्या प्रयुक्त हुआ है? 1

क) स्वर्णिम ख) आसमान ग) धरती घ) बिजली

7 निम्नलिखित पद्य भाग पर आधारित किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2×2=4

(I) श्रीकृष्ण ने यशोदा मां से क्या शिकायत की? 2

(II) मातृभूमि कविता में कवि ने भारत भूमि का किस प्रकार से बखान किया है? 2

(III) 'जलाते चलो' कविता में कवि क्या जलाने की बात करते है? 2

8 निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(I) जब आपके जीवन में कठिनाई आती है तो आपको कैसा लगता है? उस समय कौन-कौन लोग आपको सहयोग करते हैं?

अथवा 3

(II) गोल करते समय ध्यानचंद केवल अपने कौशल पर नहीं,बल्कि टीम वर्क पर भी भरोसा रखते थे। आपके अनुसार सहयोग भावना जीवन में क्यों जरूरी हैं?

## खंड - घ - (रचनात्मक लेखन)

9 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80 शब्दों में अनुच्छेदलिखिए। 5×1=5

1) समय का महत्व
2) मेरा विद्यालय
3) मेरा प्रिय त्योहार

10 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। 5×1=5

अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को बीमार होने के कारण अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए।

अथवा

अपने मित्र को जन्मदिन पर निमंत्रण देते हुए पत्र लिखिए।

11 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संवाद लिखिए। 5×1=5

दो मित्रों के बीच छुट्टियों की योजना पर संवाद लिखिए।

अथवा

भाई और बहन के बीच गृहकार्य करने पर संवाद लिखिए।